नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक.................................  दिनांक : 06-08-2019

## प्रकाशनार्थ

महराणा प्रताप पी0 जी0 कालेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर में आज प्रार्थना सभा में जम्मू एवं कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 A जैसा अस्थायी प्राविधान को समाप्त करने के सन्दर्भ में भारत की यशस्वी सरकार द्वारा लिए गये निर्णय पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए **प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव** ने कहा कि केन्द्र के मोदी सरकार ने **बिना लड़े जम्मू एवं कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा सदियो–सदियों के लिए बना दिया।** वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा संसद के माध्यम से लिए गये इस ऐतिहासिक एवं युगान्तकारी निर्णय जम्मू कश्मीर सहित सम्पूर्ण भारत के लिए स्वर्णीम दिन के रूप में इतिहास के पन्नो में अंकित हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में भारतीय संसद का यह निर्णय न केवल वर्तमान जम्मू और कश्मीर के लोगो की जीवन दशा बदलेगा बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रति भारत कीवर्तमान पीढ़ी के साथ–साथ आने वाली पीढ़ी भी सदियों तक, जन्म–जन्मान्तर तक ऋणी रहेगा। पिछले सत्तर वर्षो से अनुच्छेद 370 के इस अस्थाई प्राविधान का दंश झेल रहे जम्मू कश्मीर के नागरिकों के लिए आने वाले समय में समुद्र मंथन से निकले उस अमृत के समान सवित होगा जिसे प्राप्त कर वहॉ के रहने वाले लोगों का जीवन–व्यवस्था अमर हो जायेगी। संयुक्त राष्ट्र सहित दुनिया के फोरम पर जिस प्रकार से पाकिस्तान, जम्मू एवं कश्मीर का भारत के साथ विलय के प्रश्न को बार–बार उठाकर भारत की एकता व अखण्डता को प्रश्नांकित करता रहा है उसे बहुत की सुनियोजित एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ जिस प्रकार से केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने एक ही झटके में तार–तार करते हुए भारत माता को कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक कर दिया उसकी जितनी भी सराहना की जाय वह कम है। एक देश एक विधान एक प्रधान के स्वप्न को आज अंगीकार होते हुए देखकर न केवल जम्मू कश्मीर सहित सम्पूर्ण भारत बल्कि सम्पूर्ण मानवता हर्षोल्लासित है। यहॉ पर यह भी रेखांकित करना महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय शान्ति को सुस्थापित करने में संसद में जिस प्रकार से अन्य राजनीतिक दलों ने वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर इस महायज्ञ में अपने समर्थन की आहुति दी है वह भाविष्य के उज्ज्वल भारत के लिए एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरी है। साथ ही इस निर्णय ने यह भी साबित कर दिया है कि नेक नियत और दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ बडे से बड़ा कदम किस प्रकार उठाया जा सकता है।

**(श्री वागीश राज पाण्डेय)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी